बी.पी.ए.सी-104

# कला स्नातक उपाधि कार्यक्रम

# (बीएपीएएच)

## सत्रीय कार्य

## जुलाई 2022 और जनवरी 2023

## पाठ्यक्रम कोड : बी.पी.ए.सी-104

## राज्य एवं ज़िला स्तरों पर प्रशासनिक प्रणाली

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली - 110068

# बी.पी.ए.सी-104 राज्य एवं ज़िला स्तरों पर प्रशासनिक प्रणाली

प्रिय छात्र,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम दर्शिका में सूचित किया है, इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता हैः i) सत्रीय कार्य द्वारा सतत मूल्यांकन, और ii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित है, जबकि सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक। आपको 6 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 3 **अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.)** करने होंगे, और 4 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 2 सत्रीय कार्य करने होंगे। इस सत्रीय कार्य पुस्तिका में **बी.पी.ए.सी.–104 राज्य एवं ज़िला स्तरों पर प्रशासनिक प्रणाली** नामक पाठ्यक्रम का सत्रीय कार्य सम्मिलित है जो 6 क्रेडिट का पाठ्यक्रम है। इस पुस्तिका में 3 सत्रीय कार्य हैं जिनके कुल 100 अंक हैं, तथा मूल्यांकन में 30 प्रतिशत वेटेज है।

**सत्रीय कार्य-I** में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। इनका प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ/जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

**सत्रीय कार्य-II** में मध्य श्रेणी के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं।

**सत्रीय कार्य-III** में संक्षिप्त श्रेणी के प्रश्न हैं। यह प्रश्न व्यक्तियों, लेखन, घटनाओं तथा अवधारणाओं एवं प्रक्रियाओं की स्पष्ट समझ के बारे में प्रासंगिक/सटीक जानकारी को संक्षेप में याद रखने के कौशल को उत्तम बनाने के लिए है।

सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम दर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर किसी विशेष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द–सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये कि इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन; कौशल में सुधार होगा**;** तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे।

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में उल्लेख किया गया है आपको सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के योग्य होने के लिए सारे सत्रीय कार्य निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत जमा करने होंगें।

आपको सत्रीय कार्यों को अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास जमा करना होगा। जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखिये। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें।

सत्रीय कार्य जमा करना

| सत्र | सत्रीय कार्य जमा करने की तारीख | सत्रीय कार्य जमा करने का स्थान |
|---|---|---|
| जुलाई 2022 सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए | 30 अप्रेल 2023 | अपने अध्ययन केन्द्र के संयोजक के पास |
| जनवरी 2023 सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए | 31 अक्टूबर 2023 | |

हम आशा करते हैं कि आप सत्रीय कार्य मे ंदिए गए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखेगें। सत्रीय कार्यों के उत्तर लिखते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखें:

**1) योजना** : सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रश्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें, और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।

**2) संगठन** : अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विश्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दें।

उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिशचित कर लें कि :

क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है;

ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है; तथा

ग) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही है।

**3) प्रस्तुतीकरण** : जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ–साफ और अपनी हस्तलिपि में लिखना अनिवार्य है।** जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हो, उन्हें रेखांकित कर दें। यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द–सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

शुभकामनााओं के साथ,

लोक प्रशासन संकाय

# बी.पी.ए.सी.–104: राज्य एवं ज़िला स्तरों पर प्रशासनिक प्रणाली

## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोड : बी.पी.ए.सी-104
सत्रीय कार्य कोड : ए.एस.टी./टी.एम.ए./जुलाई 2022–जनवरी 2023
पूर्णांक : 100

### सत्रीय कार्य I

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।**

1. ब्रिटिश काल के दौरान राज्य और जिला प्रशासन पर चर्चा कीजिए। 20

2. राज्य–स्थानीय प्रशासनिक संबंधों का वर्णन कीजिए। 20

### सत्रीय कार्य II

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।**

3. मुख्यमंत्री की भूमिका की जाँच कीजिए। 10

4. केरल राज्य योजना बोर्ड पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 10

5. भारत में न्यायिक व्यवस्था का वर्णन कीजिए। 10

### सत्रीय कार्य III

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।**

6. मुख्य सचिव पर एक टिप्पणी लिखिए। 6

7. राज्य लोक सेवा आयोग के संवैधानिक प्रावधानों की व्याख्या कीजिए। 6

8. राज्य वित्त आयोग की शक्तियों और प्रक्रियाओं को उजागर कीजिए। 6

9. राज्य निर्वाचन आयोग की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। 6

10. लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 की जांच कीजिए। 6